# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ और सहारनपुर में मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक में कहा– मतदाता सूची तैयार करने के दौरान बरती जाये विशेष सावधानी।
2. प्रदेश भर में तेजी से चल रहा है विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया राज्य के 91 हजार से अधिक बूथों पर एसआईआर का काम हुआ पूरा।
3. ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि 31 मार्च 2025 के बाद आंशिक भुगतान करने वाले बिजली बकायादारों को भी मिलेगा विद्युत बिल राहत योजना का लाभ।

और

4. प्रदेश के 11 जिलों में बनाय गये 17 केन्द्रों पर आज कॉमन लॉ एडमीशन टेस्ट–क्लैट की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक की। एक रिपोर्ट..

*कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने अलीगढ़ और मुजफफरनगर जिले में मतदाता सूची तैयार करने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरूरत पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ एसआईआर अभियान और विकास की योजनाओं की प्रगति को लेकर बैठक की। इससे पूर्व सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास पर फ्लैग पिन लगाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्र की रक्षा हेतु समर्पित भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस अनुशासन एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन किया और स्मारिका का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने देश के सशस्त्र बलों के वीर जवानों एवं उनके परिजनों को 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' की बधाई और शुभकामनाएं दी। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।*

———————————

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजधानी लखनऊ में आज सभी बूथों पर गणना प्रपत्र जमा कराने के लिए विशेष शिविर लगाये गये। जिलाधिकारी विशाख जी ने मतदाताओं से गणना प्रपत्र समय स भर कर बीएलओ को उपलब्ध कराने की अपील की, ताकि समय से उनका डिजिटलाइजेशन का कार्य किया जा सके।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गाजियाबाद में एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को

संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक सतत प्रक्रिया है। बाइट...

*महानगर एवं जनपद के कार्यकर्ताओं को एसआईआर के संबंध में एक गहन समीक्षा बैठक हुई है। सभी बूथ पर हमारे कार्यकर्ता साथी जा रहे हैं और कोई भी व्यक्ति ऐसा जो घुसपैठिए के रूप में निवास कर रहा है, वह मतदाता सूची में बचे ना जो नाबालिक मतदाता हैं, मतदाता सूची में उनका नाम डिलीट किया जाए, जो मृतक है उनका डिलीट किया जाए और इसके अलावा पूरी तरह से जो गणना प्रपत्र फॉर्म मिले हैं, वह शतप्रतिशत जमा हो, इसके लिए एक बड़ा अभियान भारतीय जनता पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप छेड़ रखा है।*

इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के 91 हजार 441 बूथों पर एसआइआर का काम हो चुका है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे बीएलओ को सहयोग करने के लिए निर्देशित करें। विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 11 दिसंबर तक पूरा किया जाना है।

———————————

ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा है कि 31 मार्च 2025 के बाद आंशिक भुगतान कर चुके बिजली बकायेदारों को भी विद्युत बिल राहत योजना का लाभ दिया जायेगा। अभी तक आंशिक भुगतान कर चुके बिजली बकायेदारों को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था।

विभिन्न जनपदों के दौरे और विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान ऐसे कई उपभोक्ताओं ने ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा से आग्रह किया था कि उनके द्वारा

बिजली बिल का आंशिक भुगतान किया गया है, लेकिन उनका काफी बकाया अभी भी शेष है इसलिये उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जाये।

————————

केन्द्रीय कौशल विकास राज्यमंत्री जयंत चौधरी आज हापुड़ में लुहारी गांव में कारगिल युद्ध में शहीद हुए नायक सतपाल सिंह की प्रतिमा का लोकार्पण किया। जयंत चौधरी ने कहा कि सैनिकों के सम्मान और प्रतिमाओं को देखकर युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

कॉमन लॉ एडमीशन टेस्ट—क्लैट की परीक्षा आज प्रदश के 11 जिलों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा के लिये राज्य के 11 जिलों में 17 केंद्र बनाये गये थे। दोपहर दो बजे से चार बजे तक परीक्षा चली। इस वर्ष डॉक्टर राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को परीक्षा

की जिम्मेदारी दी गई थी। लखनऊ में सबसे अधिक छह केंद्र बनाये गये थे।

————————

नागर विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स और एकाउंटेबल मैनेजर इसीड्रो पोर्क्यूरस को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द होने को लेकर 24 घण्टे के भीतर जवाब देने को कहा है।नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने संवाददाताओं को इस संबंध में जानकारी दी।

*हमने इंडिगो को निर्देश दिया है कि 48 घंटे के भीतर वे सभी बैगेज यात्रियों के घरों तक पहुँचा दें। यह उनकी ज़िम्मेदारी है, इसलिए हमने अधिकतम जवाबदेही इंडिगो पर ही डाली है, क्योंकि समस्या उनकी आंतरिक संचालन प्रक्रिया से ही शुरू हुई थी। हम लगातार में स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। मैं आपको बता सकता हूँ कि पिछले दो–तीन दिनों से हम मंत्रालय में ही लगातार फैसले ले रहे हैं ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो।*

इस बीच, सरकार ने इंडिगो को रद्द या बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ऐसी सभी उड़ानों के लिए रिफंड आज रात 8 बजे तक पूरा हो जाना चाहिए। इस बीच बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कल से अगले दो दिनों के लिए कई ज़ोन में 89 विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं।

————————

**काशी तमिल संगमम का चौथा संस्करण एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहा है। तमिलनाडु से वाराणसी पहुंचे तमिल मेहमानों के चौथे दल का आज भव्य स्वागत किया गया। एक रिपोर्ट..**

*वाराणसी में आज काशी तमिल संगमम् के चतुर्थ समूह के आगमन पर काशी विश्वनाथ मंदिर के शास्त्रियों ने पुष्पवर्षा और वेदध्वनी के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत के उपरांत सदस्यों को मंदिर प्रशासन द्वारा काशी विश्वनाथ धाम के भव्य कॉरिडोर का विस्तृत भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान सभी ने धाम के ऐतिहासिक स्वरूप, स्थापत्य कला, नवनिर्मित सुविधाओं और निरंतर बढ़ती श्रद्धा–धारा के बारे में जानकारी प्राप्त की। अन्नक्षेत्र में परोसे गए प्रसाद ने सभी को काशी की सेवा–परंपरा और अतिथि–भावना का गहरा अनुभव कराया। इसके पूर्व तृतीय दल के रूप में लेखकों के समूह ने हनुमान घाट पर मां गंगा में स्नान किया और सुब्रमण्यम स्वामी के घर पर पहुंचकर काशी की आध्यात्मिकता को महसूस किया तत्पश्चात काशी हिंदू विश्वविद्यालय में एकेडमिक सेशन में भाग लेकर वाराणसी के विश्व प्रसिद्ध नगरी प्रचारिणी सभा में रखी गई पुस्तकों का अवलोकन किया। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

**काशी तमिल संगमम में आज पत्र सूचना कार्यालय वाराणसी के तत्वाधान में सर्किट हाउस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयुष मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि स्थानीय निवासी भी तमिल लोगों के साथ घुलमिल गये हैं, इससे अनेकता में एकता को बल मिलता है।**

**बाइट...**

*जहां तक तमिल संगमों का सवाल है, वह काशी और दक्षिण और उत्तर को जोड़ने के लिए कैसे सेतु के रूप में काम कर रहा है? तमिलनाडु राज्य हो, तमिल भाषा हो और वहां के लोगों का यह चौथे साल लगातार काशी आना। इस बार की थीम है आओ तमिल सीखें। वहां के लोग आकर यहां हिंदी सीख रहे हैं और यह पहली बार काशी के लोग भी तमिलनाडु जा रहे हैं। वहां जाकर वह तमिल*

*सीखेंगे। एक दूसरे को सीखने, सिखाने, एक दूसरे को करीब से जानने का यह जो अवसर हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने प्रदान किया है। यह उस टूटी हुई श्रृंखला को उन्होंने जोड़ा है। जो आज से 2000 साल पहले आदि शंकराचार्य की यात्रा रही हो, तमाम लोग आते रहे।*

——————————

**फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल का 52वां संस्करण आज देशभर में दस हजार से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिसका नोडल कार्यक्रम सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी में संपन्न हुआ। इस संस्करण की थीम भारत द्वारा कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेज़बानी का अधिकार प्राप्त करने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर आधारित रही। बीएचयू में आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिकों खिलाड़ियों सांस्कृतिक हस्तियोंए प्राइवेट सिक्योरिटी गाड्र्स एवं छात्रों सहित लगभग 1000 प्रतिभागियों ने इसमें सहभागिता की।**

——————————